ॐ रां नमः—हृदि (मध्यमा-अनामिका-तर्जनीसे हृदयका स्पर्श करे) ।

ॐ यं नमः—उरसि (मध्यमा-अनामिका-तर्जनीसे छातीका स्पर्श करे) ।

ॐ णां नमः—मुखे (तर्जनी-अँगूठेके संयोगसे मुखका स्पर्श करे) ।

ॐ यं नमः—शिरसि (तर्जनी-मध्यमाके संयोगसे सिरका स्पर्श करे) ।

करन्यासः

ॐ ॐ नमः—दक्षिणतर्जन्याम् (दाहिने अँगूठेसे दाहिनी तर्जनीके सिरेका स्पर्श करे) ।

ॐ नं नमः—दक्षिणमध्यमायाम् (दाहिने अँगूठेसे दाहिने हाथकी मध्यमा अँगुलीका ऊपरवाला पोर स्पर्श करें) ।

ॐ मों नमः—दक्षिणानामिकायाम् (दाहिने अँगूठेसे दाहिने हाथकी अनामिकाका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ भं नमः—दक्षिणकनिष्ठिकायाम् (दाहिने अँगूठेसे दाहिने हाथकी कनिष्ठिकाका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ गं नमः—वामकनिष्ठिकायाम् (बायें अँगूठेसे बायें हाथकी कनिष्ठिकाका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ वं नमः—वामानामिकायाम् (बायें अँगूठेसे बायें हाथकी अनामिकाका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ तें नमः—वाममध्यमायाम् (बायें अँगूठेसे बायें हाथ की मध्यमाका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ वां नमः—वामतर्जन्याम् (बायें अँगूठेसे बायें हाथकी तर्जनीका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ सुं नमः—दक्षिणाङ्गुष्ठोर्ध्वपर्वणि (दाहिने हाथकी चारों अँगुलियोंसे दाहिने हाथके अँगूठेका ऊपरवाला पोर स्पर्श करे) ।

ॐ दें नमः—दक्षिणाङ्गुष्ठाधःपर्वणि (दाहिने हाथकी चारों अँगुलियोंसे दाहिने हाथके अँगूठेका नीचेवाला पोर छुए) ।

ॐ वां नमः—वामाङ्गुष्ठोर्ध्वपर्वणि (बायें हाथकी चारों अँगुलियोंसे बायें अँगूठेके ऊपरवाला पोर छुए) ।

ॐ यं नमः—वामाङ्गुष्ठाधःपर्वणि (बायें हाथकी चारों अँगुलियोंसे बायें हाथके अँगूठेका नीचेवाला पोर छुए) ।

विष्णुषडक्षरन्यासः

ॐ ॐ नमः—हृदये (तर्जनी-मध्यमा एवं अनामिकासे हृदयका स्पर्श करे) ।

ॐ विं नमः—मूर्धनि (तर्जनी-मध्यमाके संयोगसे सिरका स्पर्श करे) ।

ॐ षं नमः—भ्रुवोर्मध्ये (तर्जनी-मध्यमासे दोनों भौंहोंका स्पर्श करेः ।

ॐ णं नमः—शिखायाम् (अँगूठेसे शिखाका स्पर्श करे) ।

ॐ वें नमः—नेत्रयोः (तर्जनी-मध्यमासे दोनों नेत्रोंका स्पर्श करें) ।

ॐ नं नमः—सर्वसंधिषु (तर्जनी-मध्यमा और अनामिकासे शरीरके सभी जोड़ों—जैसे कंधा, केहुनी, घुटना आदिका स्पर्श करें) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—प्राच्याम् (पूर्वकी ओर चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—आग्नेय्याम् (अग्निकोणमें चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—दक्षिणस्याम् (दक्षिणकी ओर चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—नैऋर्त्ये (नैऋर्त्य कोणमें चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—प्रतीच्याम् (पश्चिमकी ओर चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—वायव्ये (वायुकोणमें चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—उदीच्याम् (उत्तरकी ओर चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—ऐशान्याम् (ईशानकोणमें चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—ऊर्ध्वायाम् (ऊपरकी ओर चुटकी बजाये) ।

ॐ मः अस्त्राय फट्—अधरायाम् (नीचेकी ओर चुटकी बजाये) ।

इस प्रकार न्यास करनेसे इस विधिको जाननेवाला पुरुष मन्त्रस्वरूप हो जाता है ॥८-१०॥ इसके बाद समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, लक्ष्मी, ज्ञान और वैराग्यसे परिपूर्ण इष्टदेव भगवान्‌का ध्यान करे और अपनेको भी तद्‌रूप ही चिन्तन करे। तत्पश्चात् विद्या, तेज और तपःस्वरूप इस कवचका पाठ करे ॥११॥

भगवान् श्रीहरि गरुड़जीकी पीठ पर अपने चरण-कमल रखे हुए हैं। अणिमादि आठों सिद्धियाँ उनकी सेवा कर रही हैं। आठ हाथोंमें शंख, चक्र, ढाल, तलवार, गदा, बाण, धनुष और पाश (फंदा) धारण किये हुए हैं। वे ही ॐकारस्वरूप प्रभु सब प्रकारसे सब ओरसे मेरी रक्षा करें। मायासे ब्रह्मचारीका रूप धारण करनेवाले वामन भगवान् स्थल पर और

विश्वरूप श्रीत्रिविक्रम भगवान् आकाशमें मेरी रक्षा करें ॥१३॥ जिनके घोर अट्टहास करनेपर सब दिशाएँ गूँज उठी थीं और गर्भवती दैत्य-पत्नियोंके गर्भ गिर गये थे, वे दैत्ययूथपतियोंके शत्रु भगवान् नृसिंह किले, जंगल, रणभूमि आदि विकट स्थानोंमें मेरी रक्षा करें ॥१४॥ अपनी दाढ़ों पर पृथ्वीको उठा लेनेवाले यज्ञमूर्ति वराह भगवान् मार्गमें, परशुरामजी पर्वतोंके शिखरों पर और लक्ष्मणजीके सहित भरतके बड़े भाई भगवान् रामचन्द्र प्रवासके समय मेरी रक्षा करें ॥१५॥ भगवान् नारायण मारण-मोहन आदि भयंकर अभिचारों और सब प्रकारके प्रमादोंसे मेरी रक्षा करें । ऋषिश्रेष्ठ नर गर्व से, योगेश्वर भगवान् दत्तात्रेय योगके विघ्नोंसे और त्रिगुणाधिपति भगवान् कपिल कर्मबन्धनोंसे मेरी रक्षा करें ॥१६॥ परमर्षि सनत्कुमार कामदेवसे, हयग्रीव भगवान् मार्गमें चलते

समय देवमूर्तियोंको नमस्कार आदि न करनेके अपराधसे, देवर्षि नारद सेवापराधोंसे और भगवान् कच्छप सब प्रकारके नरकोंसे मेरी रक्षा करें ॥१७॥ भगवान् धनवन्तरि कुपथ्यसे, जितेन्द्रिय भगवान् ऋषभदेव सुख-दुःख आदि भयदायक द्वन्द्वोंसे, यज्ञभगवान् लोकापवादसे, बलरामजी मनुष्यकृत कष्टोंसे और श्रीशेषजी क्रोधवश सर्पोंके गणसे मेरी रक्षा करें ॥१८॥ भगवान् श्रीकृष्णद्वैपायन व्यासजी अज्ञानसे तथा बुद्धदेव पाखण्डियोंसे और प्रमादसे मेरी रक्षा करें । धर्म-रक्षाके लिये महान् अवतार धारण करनेवाले भगवान् कल्कि पापबहुल कलिकालके दोषोंसे मेरी रक्षा करें ॥१९॥ प्रातःकाल भगवान् केशव अपनी गदा लेकर, कुछ दिन चढ़ जाने पर भगवान् गोविन्द अपनी बाँसुरी लेकर, दोपहरके पहले भगवान् नारायण अपनी तीक्ष्ण शक्ति लेकर

और दोपहरको भगवान् विष्णु चक्रराज सुदर्शन लेकर मेरी रक्षा करें ॥२०॥ तीसरे पहरमें भगवान् मधुसूदन अपना प्रचण्ड धनुष लेकर मेरी रक्षा करें। सायंकालमें ब्रह्मा आदि त्रिमूर्तिधारी माधव, सूर्यास्तके बाद हृषीकेश, अर्धरात्रिके पूर्व तथा अर्धरात्रिके समय अकेले भगवान् पद्मनाभ मेरी रक्षा करें ॥२१॥ रात्रिके पिछले पहरमें श्रीवत्सलांछन श्रीहरि, उषाकाल में खड्गधारी भगवान् जनार्दन, सूर्योदयसे पूर्व श्रीदामोदर और सम्पूर्ण संध्याओंमें कालमूर्ति भगवान् विश्वेश्वर मेरी रक्षा करें ॥२२॥ हे सुदर्शन ! आपका आकार चक्र (रथ के पहिये)-की तरह है । आपके किनारेका भाग प्रलयकालीन अग्निके समान अत्यन्त तीव्र है । आप भगवान्‌की प्रेरणासे सब ओर घूमते रहते हैं । जैसे आग वायुकी सहायतासे सूखे घास-फूसको जला डालती है, वैसे ही आप हमारी शत्रुसेनाको शीघ्र-से-

शीघ्र जला दीजिये, जला दीजिये ॥२३॥ हे कौमोदकी गदा ! आपसे छूटनेवाली चिनगारियोंका स्पर्श वज्रके समान असह्य है । आप भगवान् अजितकी प्रिया हैं और मैं उनका सेवक हूँ । इसलिये आप कूष्माण्ड, विनायक, यक्ष, राक्षस, भूत और प्रेतादि ग्रहोंको अभी कुचल डालिये, कुचल डालिये तथा मेरे शत्रुओंको चूर-चूर कर दीजिये ॥२४॥ हे शंखश्रेष्ठ ! आप भगवान् श्रीकृष्णके फूँकनेसे भयंकर शब्द करके मेरे शत्रुओंका दिल दहला दीजिये एवं यातुधान, प्रमथ, प्रेत, मातृका, पिशाच तथा ब्रह्मराक्षस आदि भयावने प्राणियोंको यहाँसे झटपट भगा दीजिये ॥२५॥ हे भगवान्की श्रेष्ठ तलवार ! आपकी धार बहुत तीक्ष्ण है । आप भगवान्की प्रेरणासे मेरे शत्रुओंको छिन्न-भिन्न कर दीजिये । हे भगवान्की प्यारी ढाल! आपमें सैंकड़ों चन्द्राकार मण्डल हैं । आप पापदृष्टि पापात्मा शत्रुओंकी आँखें बंद कर दीजिये और उन्हें

सदाके लिये अन्धा बना दीजिये ॥२६॥ सूर्य आदि ग्रह, धूमकेतु (पुच्छल तारे) आदि केतु, दुष्ट मनुष्य, सर्पादि रेंगनेवाले जन्तु, दाढ़ोंवाले हिंसक पशु, भूत-प्रेत आदि तथा पापी प्राणियोंसे हमें जो-जो भय हों और जो-जो हमारे मंगल के विरोधी हों—वे सभी भगवान् के नाम, रूप तथा आयुधों का कीर्तन करनेसे तत्काल नष्ट हो जायँ ॥२७-२८॥ बृहद्, रथन्तर आदि सामवेदीय स्तोत्रोंसे जिनकी स्तुति की जाती है, वे वेदमूर्ति भगवान् गरुड़ और विश्वक्सेनजी अपने नामोच्चारणके प्रभावसे हमें सब प्रकारकी विपत्तियोंसे बचायें ॥२९॥ श्रीहरिके नाम, रूप, वाहन, आयुध और श्रेष्ठ पार्षद हमारी बुद्धि, इन्द्रिय, मन और प्राणोंको सब प्रकारकी आपत्तियोंसे बचायें ॥३०॥ जितना भी कार्य अथवा कारणरूप जगत् है, वह वास्तवमें भगवानका ही स्वरुप है—इस सत्यके प्रभावसे

हमारे सारे उपद्रव नष्ट हो जायँ ॥३१॥ जो लोग परब्रह्म और आत्माका अनुभव कर चुके हैं, उनकी दृष्टिमें भगवान्‌का स्वरूप समस्त विकल्पों—भेदोंसे रहित है, फिर भी वे अपनी माया-शक्ति के द्वारा भूषण, आयुध और रूप नामक शक्तियोंको धारण करते हैं यह बात निश्चितरूप से सत्य है अतः सर्वज्ञ, सर्वव्यापक भगवान् श्रीहरि सदा-सर्वत्र सब स्वरूपों से हमारी रक्षा करें ॥३२-३३॥ जो अपने भयंकर अट्टहाससे सब लोगोंके भयको भगा देते हैं और अपने तेजसे सबका तेज ग्रस लेते हैं वे भगवान् नृसिंह दिशा-विदिशामें, नीचे-ऊपर, बाहर-भीतर-सब ओर हमारी रक्षा करें ॥३४॥

॥ इतिश्री नारायणकवच संपूर्णम् ॥

श्रीहरिकवच

विप्रकुलभूषण, सावर्णिगोत्रतिलक, सद्धर्म के रक्षक, भक्ति और धर्मके पुत्र श्रीकृष्णको मैं नमस्कार करता हुँ। योगीराजसे भी दुष्कर ऐसे योगका आचरण करनेवाले, समस्त साधुगुण सम्पन्न, अपनी लावण्यतासे कामदेवके गर्वको खण्डित करनेवाले, नैष्ठिकव्रतके पोषक, प्रणतजनकी पीड़ाको हरण करनेवाले, माता भक्तिके हर्षको वर्धित करनेवाले, अच्युत नारायणमुनि, श्रीसहजानंद स्वामीको मैं नमस्कार करता हुँ । मैं नित्यानन्दमुनि वर्णिराज धर्मनन्दन श्रीहरिको नमस्कार करके शुभ हरिकवच कह रहा हुँ ।

इस श्रीहरिकवच स्तोत्र माला मन्त्रके व्यासमुनि ऋषि है । अनुष्टुप छन्द है । भक्तिधर्मनन्दन श्रीहरि इसके देवता है । भक्तिधर्मविवर्धन यह कीलक है ।

धर्मरक्षक यह बीज है । बृहद्व्रतधर यह शक्ति है । मेरे सकल मनोरथोंकी सिद्धि के लिए जप में इसका विनियोग है ।

अथ करन्यासः

ॐ श्रीहरिकृष्णाय नमोऽङ्गुष्ठाभ्यां नमः ।
ॐ श्रीभक्तिधर्मात्मजाय नमस्तर्जनीभ्यां नमः ।
ॐ श्रीहरये नमो मध्यमाभ्यां नमः ।
ॐ श्रीकृष्णाय नमोऽनामिकाभ्यां नमः ।
ॐ श्रीनीलकण्ठाय नमः कनिष्ठिकाभ्यां नमः ।
ॐ श्रीस्वामिनारायणाय नमः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ।

इति करन्यासः

अथ षडंगन्यासः

ॐ श्रीहरिकृष्णाय नमो हृदयाय नमः ।
ॐ श्रीभक्तिधर्मात्मजाय नमः शिरसे स्वाहा ।
ॐ श्रीहरये नमः शिखायै वषट् ।

ॐ श्रीकृष्णाय नमः कवचाय हुम् ।
ॐ श्रीनिलकण्ठाय नमो नेत्राभ्यां वौषट् ।
ॐ श्रीस्वामिनारायणाय नमोऽस्त्राय फट् ।

इति षडंगन्यासः ।

ध्यान

श्रीकृष्ण, पुरुषोत्तम, धर्मपुत्र, वर्णीन्द्र, ईश्वरों के भी ईश्वर, सर्वोत्तम उच्च सिंहासन पर विराजित, भक्तसमूहसे पूजित, सुखकर, करुणारुपी अमृतके सागर, जिनके चरणकमल मुनिओं द्वारा सुचारुरुपसे सेवित है ऐसे श्वेत वस्त्रोंको धारण करनेवाले धर्मप्रिय श्रीहरिका मैं हृदयमें ध्यान करता हुँ ।

जिनके गुण-कर्म और नामोंका श्रवण पुण्यदायी है वे श्रीहरि पूर्व दिशामें मेरी रक्षा करें । यमदूतोसे रक्षण करनेवाले श्रीहरि दक्षिणदिशामें मेरी रक्षा करें । भक्तोंकी असद्वासनाओंका उच्छेदन करनेवाले श्रीहरि

पश्चिम दिशामें मेरी रक्षा करे । इच्छारामके अग्रज श्रीहरि उत्तर दिशामें मेरी रक्षा करें । ईशान कोणमें सहजानंद स्वामी मेरी रक्षा करें । हनुमानजी जिनको अत्यंत प्रिय है और हनुमानजीको जो अत्यंत प्रिय है ऐसे श्रीहरि अग्नि एवं नैऋत्य कोण में मेरी रक्षा करें। प्रणतजनोंके दु:खोंको दूर करनेवाले श्रीहरि वायव्य कोणमें मेरी रक्षा करें । सबको मंगलकारी दर्शन है जिनका ऐसे श्रीहरि ऊर्ध्वदिशामें मेरी रक्षा करें । संतगणके सुहृत्, धर्मस्थापक एवं धर्मका पक्ष सुदृढ करनेवाले श्रीहरि अधो दिशामें मेरी रक्षा करें । श्रीहरि प्रात:कालमें मेरी रक्षा करें । श्रीकृष्ण आसंगवकालमें मेरी रक्षा करें । मध्याह्नसे पूर्व धर्मपोषक एवं निरीश्वरमतका खण्डन करनेवाले श्रीहरि मेरी रक्षा करें। विप्रोंके अपराधोको सहन करनेवाले केशव मध्याहनमें मेरी रक्षा करें । ब्रह्मकी निन्दाके श्रवणसे अत्यंत

व्यथित होनेवाले माधव अपराह्न कालमें मेरी रक्षा करें । भक्तोंको आधीन, विप्रात्मा एवं दुष्टोंका नाश करनेवाले श्रीहरि सायंकालमे मेरी रक्षा करें । सर्वकी आत्मा एवं धर्मसर्गके पोषक श्रीहरि मध्यरात्रिमें मेरी रक्षा करें । भक्तिधर्मको आनन्द प्रदान करनेवाले वृषप्रिय रात्रिके शेषभागमें मेरी रक्षा करें । दुर्गपुर में (गढडामें) निवास करनेवाले श्रीहरि संध्या समयमें मेरी रक्षा करें । मुकुन्दानंदवर्णीकी सेवासे संतुष्ट श्रीहरि जलमें सदा मेरी रक्षा करें । भक्ति और धर्मके द्वारा आराधित श्रीहरि विविध स्थलोमें मेरी रक्षा करें। सावर्णिगोत्रतिलक एवं नैष्ठिकोंमें सर्वश्रेष्ठ श्रीहरि आकाशमें मेरी रक्षा करें। महादुर्गमें, घोर वनमें, पर्वत पर, वृक्ष पर, संग्राममें सागरमें और घोर संकटमें स्वयंभू श्रीहरि मेरी रक्षा करें । हरिकृष्ण मेरे शिरकी रक्षा करें । भक्तिनन्दन मेरे ललाटकी रक्षा करें । धार्मिक मेरे मुखकी रक्षा करें । भक्तवल्लभ मेरे दोनो

कर्णोकी रक्षा करें। नैष्ठिकेन्द्र मेरे हनुकी और वृषात्मज मेरे भ्रूयुग्मकी रक्षा करें। भक्तिधर्मात्मज मेरे नेत्रोंकी तथा तपोधन मेरी नासिकाकी रक्षा करें। सिद्धोंके गर्वको खण्डित करनेवाले श्रीहरि मेरे दोनो औष्ठकी और महामुनि मेरी जिह्वाकी रक्षा करें। नीलकण्ठ मेरे दांतो की और प्रियदर्शन श्रीहरि मेरे गालोंकी रक्षा करें। धर्मदेवके सुखसागर श्रीहरि सदा मेरे कण्ठकी रक्षा करें। सर्वजनोके स्वामी मेरे कंधोकी और नितांत जितेन्द्रिय श्रीहरि मेरी भुजाओंकी रक्षा करें। सामवेदका गान करनेवाले श्रीहरि मेरे कोहनीओंकी, हाथोकी और उंगलीओंकी रक्षा करें। योगीराजोंसे भी दुष्कर आचरणवाले महामति श्रीहरि मेरी कांख की रक्षा करें। भक्तिपुत्र महायोगी मेरी छाती की रक्षा करें। कामदेवके गर्वका दलन करनेवाले धर्मपुत्र मेरी जठरकी रक्षा करें। भक्तोंके लिए कल्पवृक्ष समान स्वामिनारायण मेरी नाभिकी रक्षा करें। कृशावस्था में स्थित उद्धव

सम्प्रदायको भली भाँति संपुष्ट करनेवाले श्रीहरि मेरे दोनो पार्श्वकी सर्वथा रक्षा करें। सत्संगिजनोंको अत्यंत प्रिय श्रीनारायणमुनि मेरे पीठ की रक्षा करें। सर्व साधुगुणोंके भण्डार वर्णिराज मेरे कटिप्रदेशकी रक्षा करें। साधुप्रिय श्रीहरि मेरे गुप्तांगकी और भक्तोंके वशमें रहनेवाले श्रीहरि मेरी हड्डियोंकी रक्षा करें। ब्रह्मण्यदेव मेरे ऊरुप्रदेशकी और धर्मधारक मेरे घुंटनोंकी रक्षा करें। स्त्रीओंकी गन्धको सहन करनेमें असमर्थ धर्मनंदन मेरी जंघा और टखनेकी रक्षा करें। भक्तिको हर्षप्रदान करनेवाले श्रीहरि मेरे दोनो पैर और पैरकी उंगलीओंकी रक्षा करें। भयसे रक्षा करनेवाले श्रीहरि मेरे सर्व अंगोकी और विभु मेरे रोम समूहकी रक्षा करें। अनेक भक्तजनोंको आनन्दित करनेवाले श्रीहरि मेरी सर्व ईन्द्रियोंकी रक्षा करें। हृषीकेश मेरे प्राणोंकी और माधव मेरे चित्तकी रक्षा करें। नरनारायण मेरी बुद्धिकी और केशव मेरे मनकी रक्षा करें। धर्मवल्लभ वृन्दावन

चन्द्रमा मेरी आत्माकी रक्षा करें । जितेन्द्रिय श्रीहरि पापोंकी मूल सर्वश्रेयका विनाश करनेवाली और दरिद्रताकी मातारूप निद्रा और प्रमादसे मेरी रक्षा करें । सच्छास्त्रोंका अनुकरण करनेवाली प्रज्ञावाले नारायण गर्वसे मेरी रक्षा करें । योगच्युतिसे योगेश्वर और कर्मबन्धनोसे मुनीश्वर मेरी रक्षा करें । सर्वश्रेय विनाशक कामसे निष्काम मेरी रक्षा करें । क्रोधको जीतनेवाले दयासागर क्रोधरूपी दावानलसे मेरी रक्षा करें । लोभादिक दोषोंका सम्यक् निरूपण करनेवाले श्रीहरि लोभरूपी पारधीसे मेरी रक्षा करें । जितस्वाद श्रीहरि प्रबल रसनेन्द्रियसे मेरी रक्षा करें । मानरहित श्रीहरि सर्वसद्गुणोंको दूषणमें रूपान्तरित करनेवाले मानसे मेरी रक्षा करें । सर्व दुःखोंकी सागर स्पृहासे निःस्पृह श्रीहरि मेरी रक्षा करें । देह और देह के सम्बन्धि जनोमें होनेवाले स्नेहसे निःस्नेह श्रीहरि मेरी रक्षा करे। सन्मार्गसे भ्रष्ट करनेवाले मदरुपी सर्पसे निर्मद श्रीहरि मेरी रक्षा

करें । दम्भरहित और संतमंडल परायण श्रीहरि दम्भसे मेरी रक्षा करें । निर्मत्सर वृषनन्दन मत्सरसे मेरी रक्षा करें । भक्तिधर्मको आनन्दित करनेवाले और दुःखोका हरण करनेवाले श्रीहरि खडे हुए, जाते हुए, बैठे हुए, खाते हुए, पीते हुए और शयन करते हुए मेरी रक्षा करें। सर्वनियन्ता और अद्भुत चरित्र करनेवाले श्रीहरि प्रमत्त-अप्रमत्त अवस्थामें, गिरते हुए, स्खलित होते हुए, छिक्कते हुए, जम्वाई लेते हुए, निद्रा-तन्द्रासे युक्त हुए, गृहमें स्थित और द्वार पर स्थित मुझे जो बाधित करनेको उद्यत है उन सबका शीघ्रही नाश करके मेरी रक्षा करें। मकारपञ्चकका उच्छेदन करनेवाले श्रीहरि दुःसंग, कौण्ड, नास्तिक, शाक्त और शुष्कज्ञानिसे सदा मेरी रक्षा करें । ज्ञानप्रदाता श्रीहरि अज्ञान से मेरी रक्षा करें। संतमंडलके मध्य निवासकी रुचिवाले योगीराज श्रीहरिकृष्ण भक्तिमें होनेवाले अपराधसे मेरी रक्षा करें। धर्मविद्मे

श्रेष्ठ श्रीहरि मार्गमे होनेवाले देवापराधसे मेरी रक्षा करें । भक्ति और धर्मके द्वारा संसेवित श्रीहरि सदाचारसे होनेवाली च्युतिसे मेरी रक्षा करें । द्विजेन्द्रकुलभूषण श्रीहरि कलिकालके दोषोंसे मेरी रक्षा करें । भक्ति और धर्मने जिनके चरण कमलोकी आराधनाकी हैं ऐसे श्रीहरि लोकापवादसे मेरी रक्षा करें । भक्ति-धर्मके द्वारा किये गये तपके फलस्वरूप श्रीहरि देहाभिमानसे मेरी रक्षा करें । अपने प्रतापसे असुरोंको क्षीण करनेवाले श्रीहरि मोह और कुतर्कसे मेरी रक्षा करें । द्वन्द्व रहित श्रीहरि सुख और दुःख संज्ञावाले द्वन्द्वसे मेरी रक्षा करें। निष्परिग्रहवान ईश्वर तृष्णारूप सागरसे मेरी रक्षा करें। समस्तग्रह जिसके भयसे भयभीत रहते है ऐसे विप्रेन्द्र श्रीहरि ग्रहोंसे मेरी रक्षा करें । योगज्ञपुरुषों द्वारा नमस्कृत हुए योगीराज श्रीहरि क्रूर दृष्टिवाले केतुओंसे मेरी रक्षा करें। निष्कामजनवल्लभ और उर्ध्वरेता श्रीहरि शारीरिक

आधि और मानसिक व्याधिरुप पीड़ाओसे मेरी रक्षा करें । सर्वदा समर्थ श्रीहरि दाढोंमें स्थित विषवाले सर्पादिकसे मेरी रक्षा करें । सर्व पापोंका प्रशमन करतेवाले श्रीहरि तमाम पापोंसे मेरी रक्षा करें । अहिंसावृत्तिवाले श्रीहरि हिंसक बाध आदिसे, डाकिनी-भूतप्रेतादिकसे और यक्ष राक्षसादिकसे सदा मेरी रक्षा करें । पुण्यनन्दन श्रीहरि आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिकरुप त्रिविधताप, मारी और दु:स्वप्नोंकी पीड़ाओंसे मेरी रक्षा करे । शास्त्र विरुद्ध स्वकल्पित मतोंके विकटवनोंको जलानेमें दावालन स्वरुप श्रीहरि कुमतिवालोंसे, कुदृष्टिवालोंसे, असत शास्त्रोंसे और दुष्टराजकुलादिकोंसे सर्वत: मेरी रक्षा करें । सज्जनोको प्रिय श्रीहरि स्त्री-द्रव्य और रसमे आसक्तिसे भक्ति और ज्ञानका आडम्बर करके पापमें प्रवृत्त होनेवालोसे मेरी रक्षा करें । सर्व शत्रुओंको भयप्रदान करनेवाले श्रीहरि मारण-उत्सादन-उन्मूलन-द्वेष-मोहनादि कर्म

करनेवाले, विश्वासघाती, दुष्ट, इष्टदेवका द्रोह करनेवाले, आततायी, चोर इत्यादिका शीघ्रही नाश करें । खेत-धन आदि हरण करनेवाले, बन्धनादिक भयप्रदान करनेवाले, विविध प्रकारकी ईति, अन्य दुष्ट जातिवाले, साधुओंको भयप्रदान करनेवाले, शस्त्र प्रहारादिकसे दुःख देनेवाले, धनादिक हरण करनेवाले, शत्रुओ और हिंसक वृत्तिवाले सब श्रीहरिके नामसंकीर्तनसे क्षयको प्राप्त हो । यन्त्र-मन्त्रादिक क्रियासे परेशान करनेवाले, दुष्ट राजा-आमात्यादिक, कुत्सित हृदयवाले, मेरे कार्यको मीटानेवाले, दूसरों को ठगनेवाले, क्रूर कर्म करनेवाले, अभिचार कर्म करनेमें आसक्त, महाक्लेश करनेवाले, म्लेच्छ, पापी, निरंतर दूसरोंके दोषोंका छिद्रान्वेषण करनेवाले और जो कोई भी हमको बाधित करनेके लिए उद्यत है वे सब सर्व समर्थ प्रभुके नाम संकीर्तनसे नाशको प्राप्त हो । वातसे होनेवाले, पित्तसे होनेवाले, कफसे होनेवाले,

सान्निपातिक, एक-दो-तीन-चार-पंदरह-तीस दिन-छह मास और एक वर्षमें शरीरमें उत्पन्न होनेवाले, परम दारुण, जिनका प्रतिकार करना बहुत मुश्किल है ऐसे देह इन्द्रिय और प्राणोंको कम्पित करनेवाले माहेश्वर और वैष्णव ज्वर आदि सहजानन्द नामसे विनष्ट हो । स्वप्नमे होनेवाले महोत्पात, वृद्धग्रह-बालग्रह, अपस्मार, कूष्मांड, पूतना-मातृकादिक और दिनमे रातमे एवं सन्ध्या समयमे दारुण दुःख देनेवाले सभी भगवान नारायणके स्वरसे आहत होकर नाशको प्राप्त हो । उद्भिज, अण्डज, स्वेदज एवं जरायुज जातिवाले जो कोईभी दिनमे - रात में या सन्ध्या समयमें हमें बाधित करनेकी इच्छा रखते हो वे सब सर्वस्वामीओंके भी स्वामी ऐसे श्रीहरिका नाम स्मरण मात्रसे भयभीत हो अपनी गति और बलसे भ्रष्ट होकर दूरसे ही नाशको प्राप्त हो । मैने जो ना कहा हो एसा जो भयस्थान जो कि शरीरके अन्दर हो या बहार वह

सबसे भक्तिधर्मके पुत्र देवदेवेश मेरी रक्षा करे । वज्रसे भी कठोर इस हरिकवचसे आच्छादित मेरा यह शरीर भय एवं अनेक प्रकारकी बाधाओंसे मुक्त हो । अखिल ईश्वरोके भी ईश्वर धर्मनन्दन श्रीहरिके दिव्य एवं अभेद्य इस कवचको धारण करके मैं दिन-रात निर्भयस्थसे विचरण करता हुं । सर्व पापोंका प्रशमन करनेवाला, शरीर और मनकी पीड़ाको दूर करनेवाला, सर्वतः शान्तिप्रदान करनेवाला, परम गोपनीय, समस्त भयका नाश करनेवाला, विजय प्रदान करनेवाला और मनुष्योंको भुक्ति और मुक्ति प्रदान करनेवाला अत्यंत अद्‌भुत यह हरिकवच मैंने कहा । खल, दंभी, धर्ममर्यादाका भेदन करनेवाले, आसुरी प्रकृतिवाले, नास्तिक, लोलुप, अभक्त, भक्तोंका द्रोह करनेवाले, भगवानकी निन्दा करनेवाले और शुष्क ज्ञानीओंको यह कवच न दें । श्रद्धावान, आस्तिक, असूया रहित, निर्मत्सर, भगवान और भक्तजनोंके प्रिय ऐसे भक्तको

यह हरिकवच दें । जो मनुष्य इस हरिकवचको सुस्पष्ट अक्षरोंसे लिखकर कण्ठमें या दक्षिण बाहुमें धारण करता हैं उसकी पग पग पर विजय होती है । जो मनुष्य इसका पाठ करता है, श्रवण करता है या भक्तोकी सन्निधिमें इस कवचको सुनाता है भगवान श्रीहरिकृष्णाकी कृपासे उसके लिए कुछभी दुर्लभ नहि है । इस कवचके प्रभावसे धर्मसर्गमे मुक्तिदायिनी दृढमति होती है और समस्त कल्याणमें विघ्नकारक अधर्म सर्ग पर विजय प्राप्त होती है । इस हरिकवचके प्रभावसे भुक्ति, मुक्ति और ऐकान्तिकी भक्ति प्राप्त होती है । इस कवचका पाठ करनेवाला मृत्युके उपरांत श्रीहरिके गोलोकधामको निश्चित ही प्राप्त करता है । इस हरिकवचकी दस हजार बार आवृत्ति करनेसे भूत-प्रेत-पिशाच-डाकिनी-ब्रह्मराक्षस-योगिनी-राक्षसी-वद्ध ग्रह-बालग्रह इत्यादि का उपद्रव, शत्रुओं द्वारा किया हुआ अभिचार प्रयोग, अन्य महारोग या उपद्रव

निश्चित ही नष्ट होते है इसमें संशय नहि है । इस कवचकी नित्य पाँच बार आवृत्ति करनेसे मनुष्यको इच्छित फलकी प्राप्ति होती है । अतः गृहस्थ और त्यागी भक्तोंको प्रयत्नपूर्वक इसका पाठ करना चाहिए। इस प्रकार परम पवित्र, अनेकविध शस्त्रों और अस्त्रोंसे अभेद्य, जन्म-मृत्युके भयको हरण करनेवाला, ब्रह्मधाम प्रदान करनेवाला यह हरिकवच सकल जनसमूह द्वारा सर्वदा कीर्तन करने योग्य और धारण करने योग्य है।

॥ इति श्रीसहजानन्दस्वामीशिष्याग्रगण्य-
नित्यानंदमुनि विरचितं श्रीहरिकवचं सम्पूर्णम् ॥

हनुमान चालीसा

श्रीगुरु चरण सरोजरज, निज मन मुकुर सुधारि ।
बरनउं रघुबर बिमल जसु, जो दायकु फल चारि ॥
बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौ पवनकुमार ।
बल बुद्धि बिद्या देहुं मोहि, हरहुं कलेस बिकार ॥

चौपाई

जय हनुमान ज्ञान गुन सागर,
जय कपीश तिहुं लोक उजागर ॥
रामदूत अतुलित बल धामा,
अंजनी-पुत्र पवनसुत नामा ॥
महाबीर बिक्रम बजरंगी,
कुमति निवार सुमति के संगी ॥
कंचन बरन बिराज सुबेशा,
कानन कुंडल कुंचित केसा ॥
हाथ बज्र अरू ध्वजा बिराजै,
काँधे मुँज जनेउ साजै ॥

शंकर सुवन केसरीनन्दन,
तेज प्रताप महा जग बंदन ॥
विद्यावान गुनी अति चातुर,
रामकाज करीबे को आतुर ॥
प्रभुचरित सुनिबे को रसिया,
रामलखन सीता मन बसिया ॥
सूक्ष्म रूप धरी सियही दिखावा,
बिकट रूप धरी लंक जलावा ॥
भीम रूप धरी असुर संहारे,
रामचन्द्रके काज संवारे ॥
लाय संजीवनी लखन जियाये,
श्रीरघुबीर हरषि उर लाये ॥
रघुपति किन्ही बहुत बडाई,
तुम मम प्रिय भरत सम भाई ॥
सहस्त्र बदन तुम्हरो जस गावै,
अस कही श्रीपति कंठ लगावै ॥

सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा,
नारद शारद सहित अहीशा ॥
जम कुबेर दिगपाल जहाँ ते,
कबि कोबिद कहि सकै कहां ते ॥
तुम उपकार सुग्रीव हि किन्हा,
राम मिलाय राजपद दिन्हा ॥
तुम्हरो मंत्र बिभीषन माना,
लंकेश्वर भये सब जग जाना ॥
जुग सहस्त्र जोजन पर भानूँ,
लील्यो ताहि मधुर फल जानूँ ॥
प्रभु मुद्रिका मेली मुख मांही,
जलधि लांधी गये अचरज नाहीं ॥
दुर्गम काज जगत के जे ते,
सुगम अनुग्रह तुम्हरे ते ते ॥
रामदुआरे तुम रखवारे,
होत न आज्ञा बिनु पैसारे ॥

सब सुख लहै तुम्हारी शरना,
तुम रक्षक काहुको डरना ॥
आपन तेज सम्हारो आपै,
तीनों लोक हाँकते काँपे ॥
भूत पिशाच निकट नहि आवै,
महाबीर जब नाम सुनावै ॥
नासै रोग हरै सब पीरा,
जपत निरंतर हनुमंत बीरा ॥
संकट ते हनुमान छुड़ावै,
मन कर्म बचन ध्यान जो लावै ॥
सब पर राम तपस्वी राजा,
तिनके काज सकल तुम साजा ॥
और मनोरथ जो कोई लावै,
सोई अमित जीवनफल पावै ॥
चारों जुग परताप तुम्हारा,
है परसिद्ध जगत उजियारा ॥

साधु संतके तुम रखवारे,
असुरनिकन्दन राम दुलारे ॥
अष्ट सिद्धि नव निधिके दाता,
अस बर दीन जानकी माता ॥
रामरसायन तुम्हरे पासा,
सदा रहो रघुपतिके दासा ॥
तुम्हरे भजन रामको भावै,
जनम जनम के दुःख बिसरावै ॥
अंतकाल रघुबर पुर जाई,
जहाँ जन्म हरिभक्त कहाई ॥
और देवता चित्त न धरई,
हनुमंत सेई सर्वसुख करई ॥
संकट कटै मिटै सब पीरा,
जो सुमरै हनुमंत बलवीरा ॥
जय जय जय हनुमान गुंसाई,
कृपा करहुं गुस्देव की नाई ॥

जो शतबार पाठ कर कोई,
छुटही बन्दी महासुख होई ॥
जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा,
होई सिद्धि साखी गौरीसा ॥
तुलसीदास सदा हरि चेरा,
कीजै नाथ हृदय महँ डेरा ॥

// दोहा //

पवनतनय संकटहरन, मंगल मूरति रूप ।
रामलखन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप ॥

॥ इति श्री हनुमानचालीसा संपूर्णा ॥

संकटमोचन हनुमानाष्टक स्तुति

मत्तगयन्द छंद

बाल समय रबि भक्षि लियो तब,
तीनहुँ लोक भयो अँधियारो ।
ताहि सों त्रास भयो जग को,
यह संकट काहु सों जात न टारो ।
देवन आनी करी विनति तब
छाँडि दियो रबि कष्ट निवारो ।
को नहि जानत है जग में कपि,
संकटमोचन नाम तिहारो.....१
बालि की त्रास कपीस बसै गिरि,
जात महाप्रभु पंथ निहारो ।
चौंकि महामुनि शाप दियो तब,
चाहिय कौन बिचार बिचारो ।
कै द्विजरूप लिवाय महाप्रभु,
सो तुम दास के शोक निवारो ॥ को. २

अंगदके संग लेन गये सिय,
खोज कपीस ये बैन उचारो ।
जीवत ना बचिहौ हम सों जुं,
बिना सुधि लाए इहाँ पगु धारो ।
हेरि थके तट सिंधु सबै तब लाय,
सिया - सुधि प्रान उबारो । को. ३

रावन त्रास दइ सियको सब,
राक्षसि सों कहि शोक निवारो ।
ताहि समय हनुमान महाप्रभु,
जाय महा रजनीचर मारो ।
चाहत सीय अशोक सों आगि सु,
दै प्रभुमुद्रिका शोक निवारो ॥ को. ४

बान लाग्यो उर लछिमन के तब,
प्रान तजे सुत रावन मारो ।
लै गृह बैद्य सुषेन समेत,
तबे गिरि द्रोन सु बीर उपारो ।

आनि सजीवन हाथ दई तब,
लछिमन के तुम प्रान उबारो । को. ५
रावन युद्ध अजान कियो तब,
नाग कि फाँस सबे सिर डारो ।
श्रीरघुनाथ समेत सबै दल,
मोह भयो यह संकट भारो ।
आनि खगेस तबै हनुमान जु,
बंधन काटि सुत्रास निवारो । को. ६
बंधु समेत जबै अहिरावन,
लै रघुनाथ पाताल सिधारो।
देबिहिं पूजी भली बिधि सों बलि,
देउ सबे मिली मंत्र विचारो ।
जाय सहाय भयो तब ही,
अहिरावन सैन्य समेत सँहारो । को. ७

काज किये बड देवन के तुम,
बीर महाप्रभु देखी बिचारो ।
कौन सो संकट मोर गरीब को,
जो तुमसों नहि जात है टारो ।
बेगि हरो हनुमान महाप्रभु,
जो कुछ संकट होय हमारो । को. ८

(दोहा)

लालदेह लाली लसे, अरु धरी लाल लंगूर ।
बज्रदेह दानव दलन, जय जय जय कपि शूर ॥

॥ श्री तुलसीदासकृत संकटमोचन
हनुमानाष्टक संपूर्ण ॥

सद्‌गुरु श्रीगोपालानन्द स्वामीकृत श्रीसहजानंदस्वामीका महामन्त्र

इस संप्रदायके आश्रित सत्संगी जनोंको यदि कोई आर्थिक, राजकीय या शारीरिक - पक्षघात, क्षय, दम, भगंदर आदि असाध्य रोगों जैसी विपत्ति आयें और औषध आदि उपायोंसे वह दूर न हो तब घबराना नहीं चाहिए और अपने सम्बन्धी आदि के कहने पर क्षुद्र देवकी उपासना, उसके मन्त्र जप आदि नहीं करने चाहिए या नहीं करवाने चाहिए और अपने इष्टदेव भगवान श्रीस्वामिनारायण की आज्ञाका उल्लंघन नहीं करना चाहिए ।

ऐसी परिस्थितिमें, महा आपत्तिसे छुटकारा पाने के लिए, सत्संगी जनोंके हितार्थ सद्‌गुरु श्री गोपालानन्द स्वामीने इष्टदेव सहजानन्द स्वामीके मंत्रकी रचना की है । इस मंत्रका जप करनेसे किसी भी

व्यक्तिके असाध्य रोग, राजकीय, आर्थिक आपत्ति आदि संकटोंका नाश होता है ।

इसलिए जो निम्नलिखित मंत्रका जप, नियम और श्रद्धासे विधिपूर्वक करेंगे उनकी मनोवांछित इच्छा परिपूर्ण होगी ।

(१) इस मंत्रजपका आरंभ मंगलवारके दिन करना चाहिए और (१५) पंद्रह दिनमें दस हजार जप पूर्ण करना चाहिए ।

(२) इस मंत्रका जप मन्दिर अथवा पवित्र एकान्त जगहमें बैठकर, घीका दीपक जलाकर और सुगन्धित धूपके साथ पवित्र वातावरणमें करना चाहिए ।

(३) इस मंत्रका जप करनेवाले व्यक्तिको स्त्री द्वारा पकाया भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिए। ब्राह्मण द्वारा या अपने हाथसे बनाया भोजन ही ग्रहण करना चाहिए ।

(४) अथवा इस मंत्रका जाप करनेवालेको उपवास करना चाहिए । उपवासमें भी दूध अथवा

केवल फलाहार करना चाहिए । अशक्त व्यक्ति एक बार भोजन कर सकता है ।

(५) इस मंत्रका जप करनेवाले व्यक्तिको सांसारिक कार्य, आलस्य, दिवसकी निद्रा और स्त्रीसंगका त्याग करना चाहिए ।

(६) इस मंत्रका जप करनेवालेको परनिंदा करने और सूननेसे दूर रहना चाहिए ।

(७) इस मंत्रमें संपूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास रखना अत्यन्त आवश्यक है ।

(८) यह मन्त्र साधारण मन्त्र नहि है अतः इसका शुद्ध उच्चारण अत्यंत आवश्यक है इसलिए पहले किसी विद्वान संत या ब्राह्मणसे उच्चारण शुद्धि शीखकर ही इसका जप करें । अन्यथा विपरीत परिणाम भी हो सकता है ।

इस नियमों का पालन करते हुए निम्निलिखित मंत्रका दश हजार जाप करना चाहिये ।

मंत्र

ॐ ह्रौं ह्रीं ॐ श्रीं ठँ ह्रीं पत्रे पत्रे देवानां ॐ भूते द्वीपे ह्रीं सौं गौं त्रीं योगपीवात्मानं ह्रां ह्रीं भगवते ग्लाँ महाष्टयोगसिद्धिं माँ प्रदात्रे श्रीसहजानन्द परमात्मने नमः औं ठँ भँ ऐं ह्रां जूँ ॐ ॥

इस मंत्र को गोपालानन्द स्वामीके वंशके सत्संगी भाइयों ने गोपालानन्द स्वामीकी हस्तलिखित पुस्तकसे विधिपूर्वक लिखकर दिया है । यह मंत्र सब को उपकारक हो इस हेतुसे यहाँ दिया गया है । अतः श्रद्धापूर्वक, विधिके साथ इस मंत्रका जप स्वयं करें या पवित्र ब्राह्मणसे करवायें तो असाध्य दुःखों एवं असाध्य रोगोंका नाश हो सकता है और इच्छित फल की प्राप्ति भी होती है ।

दिनांक :

दिनांक :

इस पृष्ठोमें दिनांकके अलावा माहिती सिर्फ महाराजश्री के लिए है ।

आपको समजना और पढ़ना जरूरी नहीं है ।

सुबह शाम निम्नलिखित नीति-नियमोंका पालन करें

सुबह में स्नान करके हनुमानजीकी प्रतिमाके सामने बैठकर तेलका दिपक प्रज्वलित करके *''स्वामिनारायण''* नाम की ..... माला और *''हनुमानजी महावीर''* नाम की ..... माला करके इस पुस्तकमेंसे ..... से ..... तक पन्नों का एक बार पाठ करके एक चम्मच हनुमानजीका प्रसादी जल पीना है ।

शाम (रात्रि) को भी हाथ-पाँव धोकर उपर दर्शाए गए माला-पाठ करना है । यह नियम..... दिन/महिना/वर्ष तक करना है । पूजापाठ के आरंभ के बाद..... दिन/महिना/वर्ष पूरा होने पर फिर से बैठक में आना अनिवार्य है । शनिवार या त्यौहार पर आना मना है । यह पुस्तक साथ लाना आवश्यक है ।

कष्टभंजनदेवकी कृपासे कष्ट निवारण होने पर रुपिया.....की मन्नत कोठारीश्री के पते पर भेज दे । (इस पुस्तिकाके आखरी पन्ने में बताये गये पते पर)

सूचना

(१) पुजारीश्री द्वारा दिये गये पूजापाठ श्रद्धा, विश्वास और धीरजपूर्वक नियमानुसार नियमित कीजिये और ऐसी श्रद्धा रखें कि हनुमानजी दादा अवश्य कष्ट दूर करेंगे ।

(२) पूजापाठकी अवधि दौरान डॉक्टर की दवा चल रही हो तो बंध नहीं करनी है । और जरूरत होने पर दवा ले सकते हैं ।

(३) पूजापाठ दौरान कुछ किस्सों में तकलीफ में सुधार हो, बाद में फिरसे हो या बढ़ जाये तो थोड़े दिन में फिर सुधार हो जायेगा । इसलिए बीचमें बताने आनेकी जरूरत नहीं है । परंतु महाराजश्री द्वारा बताया गया समय पूरा हो तब शनिवार और त्यौहारों के दिनोंको छोडकर यह पुस्तिका साथ में लेकर बताने आईये ।

(४) महिनेमें एक बार बोतलमें भरा हुआ प्रसादी का पानी स्वच्छ बर्तनमें डाल कर, खाली बोतलको उबले हुए पानीसे धोकर स्वच्छ करें बादमें बर्तनमें निकाला हुआ प्रसादीका पानी बोतलमें छानकर भर दें ।

(५) अपने घर में जन्म-मरणका सूतक होने पर ११ दिन पूजापाठ बंध रखें ।

(६) जो महिला पूजापाठ करती हैं और वह जब मासिक (M.C.) में हो तो ५ दिन पूजापाठ बंध रखें । उनकी जगह परिवार के अन्य सदस्य पूजापाठ चालु रखे ।

(७) पूजापाठके दौरान तमाम सामाजिक प्रसंग और अपने सभी रीश्तेदारों के वहां जा सकते हैं ।

(८) मुसाफरी अगर नौकरीके प्रसंगसे बहारगाँव जाना पडे तब दियाबत्ती नहीं हो सके तो भी हनुमानजी दादाकी फोटो सन्मुख रखकर पूजापाठ कर लें ।

(९) जो दर्दी मानसिक अस्थिर हो, बहुत बिमार हो या बालक हो तो उसकी जगह घर के अन्य व्यक्ति पूजा करें । दर्दी पूजा करने योग्य होने पर दर्दी स्वयं ही पूजा करे ।

(१०) संतान प्राप्ति के लिए जो दंपति पाठ में बैठा हो वह गर्भधारण के तीन महिने होने पर पूजा में बैठने के लिए आये । यदि डॉक्टर की इजाजत न हो तो सिर्फ पति अकेला यह पुस्तक लेकर आये । और डिलेवरी के बाद ४२ दिन पूजा बंध रखे, बादमें बच्चा तीन महिने का होने पर दादा के दर्शनके लिए लाये । तब तक पूजा चालु रखें ।

(११) जिन्हें पाठ पढ़नेकी सूचना में ..... से ..... में डेस (–) की निशानी की हो तो उसको वह पाठ करनेकी आवश्यकता नहि है ।

कृपया ध्यान रखें

साळंगपुर हनुमानजी दादाकी पूजामें बैठनेके लिये निम्नलिखित दिन छोडकर पधारीयें ।

(१) कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा (अन्नकूट दर्शन, नूतनवर्ष)

(२) कार्तिक शुक्ल द्वितीया (भाईदूज)

(३) चैत्र शुक्ल पूर्णिमा (हनुमानजी जयंती)

(४) श्रावण कृष्ण अमावास्या

(५) आश्विन कृष्ण पंचमी (पाटोत्सव)

(६) आश्विन कृष्ण चतुर्दशी (कालीचौदश)

(७) आश्विन कृष्ण अमावास्या (दीपावली)

(८) सूर्य-चंद्र के ग्रहणकाल में

उपर के दिनोंमें साळंगपुर मंदिरमें पूजापाठकी विधि बंध रहती हैं ।

प्रतिदिन पूजापाठ का समय

प्रातः ८-०० सायं: ४-००

पाठके समयसे एक घण्टा पहले आकर नारायण कुंडमें स्नान करके पाठमें बैठा जाता है । इसलिए साथमें शुद्ध कपडे अवश्य लायें ।

दर्शन एवं आरती का समय

मंगला आरती : प्रातः ५-३० आरती ।

श्रृंगार आरती : प्रातः ७-०० बजे
शनिवार-मंगलवार-पूर्णिमा को

संध्या आरती : ऋतुके अनुसार, संध्या समय पर

दर्शन बंध

सुबह : ६-३० से ७-०० (बाळभोग)

दोपहर :१०-३० से ११-०० (राजभोग)
१२-०० से ३-००

संध्या : संध्या आरती के बाद
४५ मिनिट (सायंभोग)

रात्रि : ९-०० से सुबह ५-३० तक

साळंगपुर तीर्थधाम के दर्शनीय स्थल

(१) श्री कष्टभंजनदेव हनुमानजी मन्दिर
(मुख्य निज मन्दिर)

(२) यष्टिका (लकडी) - श्रीहनुमानजी महाराजकी दाहिनी ओर स.गु. श्री गोपालानन्द स्वामीकी प्रसादी की यष्टिका (लकडी)।

(३) कुवाँ - श्री कष्टभंजनदेव हनुमानजी मन्दिर (मुख्य निज मन्दिर) में प्रसादीका कुँवा है, जिसमेंसे जल लेकर आज भी हनुमानजी महाराजको स्नान पान कराते हैं ।

(४) भगवान श्रीस्वामिनारायणका मन्दिर ।

(५) भगवान श्रीस्वामिनारायणकी प्रसादीकी बैलगाड़ी, ढौलीया, बाजोठ, पथ्थर और अलग अलग लकडीया।

(६) नारायण कुंड - भगवान श्री स्वामिनारायण जब कभी भी साळंगपुर आते थे तब नारायण कुंड में स्नान करते थे इसलिए ये महान प्रसादी का पवित्र स्थान है ।

आज भी भूत-प्रेत-आधि-व्याधि, उपाधिसे पीड़ित लोगों को यहाँ स्नान कराके मन्दिरमें पाठ में बैठाये जाते है ।

(७) जीवाखाचर का दरबारगढ - भगवान स्वामिनारायण जब भी साळंगपुर आते थे तब यहाँके राजा जीवाखाचरके दरबारगढमें ही रहते थे । ऐसा दर्शनीय उत्तम पवित्र स्थान आज भी है । जहाँ १८ वचनामृत भगवानने कहे थे ।

(८) श्रीनिलकंठ महादेवजी - जब भी भगवान स्वामिनारायण साळंगपुर आते थे तब इस महादेवजीकी पूजा करते थे । यह मन्दिर धर्मशालामें है ।

(९) प्रसादीकी छत्री - मन्दिरके पटाङ्गणमें प्रसादी की छत्री हे जहाँ बैठकर भगवान श्री स्वामिनारायणने भोजन किया था ।

(१०) प्रसादीका चौरा - श्रीहरिके चरणोंसे पवित्र साळंगपुर गाँवका चौरा, यहाँ अनेकों बार प्रभु पधारे थे ।

पूजापाठ के बाद आपका कष्ट निवारण होने पर दी गई मन्नत की राशि (रुपिया) तुरंत मनीओर्डर (पोस्ट) या चेक/ड्राफ्ट से "श्रीकष्टभंजनदेव हनुमानजी मंदिर" के नाम से नीचे दर्शाये गये पते पर भेज दें ।

अथवा रुबरु आने पर काउन्टर पर राशि जमा करवाके रसीद ले लें ।

कोठारी स्वामीश्री,
श्रीकष्टभंजनदेव हनुमानजी मंदिर
मु. साळंगपुर (हनुमान), ता. बरवाला,
जि. बोटाद, गुजरात. भारत. पीन-382450.
फोन : (02711) 241202, 241408
Website : www.salangpurhanumanji.com
E-mail : shreesalangpur@gmail.com

नोंध